# भंसाली की गंगूबाई का सेट देखकर आश्चर्य में पड़ गई आलिया भट्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

संजय लीला भंसाली बॉलिवुड के सबसे टैलंटेड डायरेक्टर्स में से एक माने जाते हैं। हम दिल दे चुके सनम, ब्लैक, बाजीराव मस्तानी और पद्मावत जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके भंसाली ने अपनी अगली फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी पर काम शुरू कर दिया है। यह फिल्म गंगूबाई कोठेवाली की जिंदगी पर आधारित है जिसमें आलिया भट्ट लीड रोल में नजर आएंगी। यह आलिया की पहली फिल्म होगी जिसमें वह भंसाली के साथ काम करने जा रही हैं। भंसाली की फिल्में भव्य सेट्स के लिए जानी जाती हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो गंगूबाई काठियावाड़ी का सेट उनकी पिछली फिल्मों से भी काफी बेहतर है। ऐसे में जब आलिया को फिल्म के सेट देखने का मौका मिला तो वह भी आश्चर्यचकित रह गईं। एक सूत्र ने बताया, आलिया सेट देखकर आश्चर्य में पड़ गईं। गंगूबाई का सेट न सिर्फ लार्जर दैन लाइफ है बल्कि संजय की पिछली फिल्मों से ज्यादा ग्रैंड और खूबसूरत है। इस बार सेट बनाने में कई सारी फाइन डीटेलिंग की गई है। बता दें, गंगूबाई मुंबई के इतिहास में सबसे ज्यादा याद की जाने वाली महिलाओं में से एक हैं। उन्हें कम उम्र में ही वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया गया। बाद में कई कुख्यात अपराधी उनके ग्राहक बन गए। बता दें, फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी अगले साल 11 सितंबर को रिलीज होगी।

# सिद्धार्थ शुक्ला को डेट कर चुकी हैं शेफाली जरीवाला

शेफाली जरीवाला इन दिनों बिग बॉस 13 में अपना जलवा दिखा रही हैं। वह गेम को अपनी पूरी स्ट्रैटजी के साथ खेल रही हैं और इस समय सबसे चर्चित कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। इंस्टाग्राम पर वह काफी पॉपुलर हैं। शेफाली ने बिग बॉस 13 में वाइल्ड कार्ड के रूप में एंट्री ली थी और काफी कम समय में अपनी अलग जगह बना ली है। शेफाली साल 2002 में म्यूजिक विडियो कांटा लगा में नजर आई थीं। उस समय इस विडियो ने काफी सनसनी मचा दी थी। इस गाने के बाद शेफाली को घर-घर में पहचाना जाने लगा। शेफाली ने साल 2005 में म्यूजिक कंपोजर से शादी की थी लेकिन उनकी शादी 2009 में टूट गई। इसके बाद शेफाली ने टीवी ऐक्टर सिद्धार्थ शुक्ला को डेट किया। सिद्धार्थ भी बिग बॉस 13 के चर्चित चेहरे हैं। हालांकि, बाद में दोनों का रिश्ता खत्म हो गया। इसके बाद शेफाली ने टीवी ऐक्टर पराग त्यागी तो डेट किया और 2014 में उनसे शादी कर ली। लंबे समय बाद शेफाली फिर से सक्रिय रूप से पर्दे पर नजर आ रही हैं। इतने दिनों बाद उन्हें देखकर फैन्स काफी खुश हैं। शेफाली जरीवाला इंस्टाग्राम पर काफी ऐक्टिव हैं। वह अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। बिग बॉस में आने के बाद शेफाली की लोकप्रियता एक बार फिर से काफी बढ़ गई है।

# द बॉडी से हिंदी फिल्मों डेब्यू करेगी वेदिका कुमार

इमरान हाशमी की आने वाली हॉरर फिल्म द बॉडी में उनके साथ एक नई अदाकारा दिखाई देंगी जिनका नाम वेदिका कुमार है। वेदिका भले ही हिंदी फिल्मों में अब डेब्यू कर रही हों लेकिन वह साउथ की फिल्मों का एक जाना-पहचाना चेहरा हैं। विदिका का जन्म महाराष्ट्र की एक कन्नड़ फैमिली में हुआ। विदका ने किशोर नमित कपूर स्कूल से ऐक्टिंग की ट्रेनिंग ली है। फिल्मों में आने से पहले वेदिका मॉडलिंग में ऐक्टिव रही हैं। वेदिका ने तमिल फिल्म मद्रासी से फिल्मों में डेब्यू किया था। वेदिका कुमार ने तमिल के अलावा मलयालम, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया है। वेदिका ने अब तक लगभग 20 फिल्मों में काम किया है और द बॉडी उनकी पहली फिल्म है। वेदिका को फिल्म इंडस्ट्री में अपने बेहतरीन लुक के लिए जाना जाता है। वेदिका केवल वेस्टर्न ड्रेसेज में ही नहीं बल्कि भारतीय परिधानों में भी अच्छी लगती हैं। वेदिका सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वेदिका तमिल के अलावा कन्नड़, मलयालम, तेलुगू, हिंदी और अंग्रेजी बोल सकती हैं। वेदिका को फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस के लिए कई अवॉर्ड्स मिल चुके हैं।